प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो दर को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया है। इसी तरह स्थायी जमा सुविधा दर छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और बैंक दर छह दशमलव सात पांच फीसदी बनी रहेगी। बैंक ने फरवरी 2023 से इन दरों पर यथास्थिति बनाए रखी है।

00000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से मुलाकात की। राजभवन में हुई इस भेंट में उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान श्री देवनानी ने राज्यपाल को श्रीमद्‌भगवद् गीता की प्रति भी भेंट की।

00000

राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट में शामिल होने वाले डेलिगेट्स के स्वागत के लिए पर्यटन विभाग की ओर से विशेष तैयारियां की गई है। तीन दिवसीय इस समिट के दौरान पर्यटन स्थलों पर लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। विभाग ने समिट के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं और पिंकसिटी टूर प्लान को निवेशकों की किट में भी शामिल किया गया है।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में प्रत्येक जिले के विशिष्ट उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। श्री शर्मा ने समिट को सफल बनाने के लिए 10 दिनों तक प्रत्येक दिन एक नए संकल्प लेने की पहल की है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने कल आठवां संकल्प लेते हुए कहा कि समिट में प्रदेश के हर जिले के विशिष्ट उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए उन्हें उपहार के तौर पर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का हिस्सा बनने वाले सभी गणमान्य व्यक्तियों को जिलों के हस्त निर्मित उत्पाद सौगात के रूप में दिये जायेंगे।

000000

भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पुण्यतिथि आज महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई जा रही है। राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब के योगदान को दर्शाने के लिए पूरे देश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री शर्मा ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के विचारों का अनुसरण करते हुए राज्य सरकार सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इस अवसर पर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर श्रद्धाजंलि सभाओं और संगोष्ठियों के आयोजन किये जा रहे है। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में रक्त दान शिविर आयोजित किया गया। भरतपुर, भीलवाडा, शाहपुरा सहित अन्य स्थानों पर भी इस अवसर पर श्रद्धाजंलि सभाएं रखी गई।

00000

श्री गुरू तेग बहादुर जी का 349वां शहीदी दिवस आज श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। सिक्खों के नौंवे गुरू तेग बहादुर जी को अमृतसर के गुरूद्वारा गुरू का महल और श्री हरमंदिर साहिब तथा अन्य गुरूद्वारों में श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए कई स्थानों पर लंगर भी लगाया गया है।

00000

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में आज पाली में जागरूकता साईकिल रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को इस दिवस के बारे में बताया गया। सशस्त्र सेना झंडा दिवस कल मनाया जायेगा। इस अवसर पर कल जयपुर में सैनिक कल्याण विभाग की ओर से "विंटेज जीप रैली' का आयोजन किया जाएगा। विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर वीरेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि अल्बर्ट हॉल से रवाना होकर ये जीप रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जनपथ पहुंचेगी। जहां अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र भी अर्पित किये जाएंगे।

00000

देश में 1 जुलाई से लागू हुए नये कानूनों के कियान्वयन और जनजागरूकता को लेकर बालोतरा में कल पुलिस कॉफ्रेंस आयोजित की गई। इसमें जोधपुर रेंज के आईजी विकास कुमार ने पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को नये कानूनों के विभिन्न पक्षों की जानकारी दी।

00000

राज्य में अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज हुई है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ के संगरिया में आज 6 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। सीकर में 7, करौली में 7 दशमलव 5, अलवर और जालोर में 8, चूरू में 8 दशमलव 4, भीलवाडा में 9 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ।

00000

रोडवेज बसों में बिना टिकट यात्रा करने वालों से निर्धारित किराए से 10 गुना के बराबर राशि वसूली जाएगी। रोडवेज प्रबंधन ने इस बारे में आदेश जारी किए हैं। उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा के निर्देशों के अनुसार रोडवेज को घाटे से उबारने और राजस्व अर्जन में बढोतरी के लिए ये पहल की गई है। निगम अध्यक्ष शुभ्रा सिंह ने बताया कि निगम में वाहन निरीक्षण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादातर निरीक्षकों की ओर से वाहन निरीक्षण के दौरान बिना टिकट यात्रियों से अधिभार राशि की वसूली नहीं की जाती है। ऐसे में पूर्व में जारी आदेशों को संशोधित कर बिना टिकट यात्रा करते हुए पाए जाने पर यात्री भाड़े के 10 गुना के बराबर या 2000 रुपए की वसूली की जाएगी।

00000